आसनसोल के छात्रों ने किया साइंस सिटी का शैक्षणिक भ्रमण

आसनसोल. स्थानीय दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल द्वारा विगत दिवस कोलकाता स्थित साइंस सिटी के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया , जिसका लाभ सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने उठाया. अध्यापकों के एक दल के नेतृत्व में विद्यार्थी प्रातःकाल कोलकाता के लिए रवाना हुए. साइंस सिटी में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कई ऐतिहासिक व वैज्ञानिक जानकारियां हासिल कीं. छात्रों ने स्पेस ओडीसी, समय यंत्र, 3-विमीय दृश्य प्रेक्षागृह, दर्पण का जादू और अंतरिक्ष विज्ञान, गतिविद्युत एवं कल्पित सत्य पर प्रदर्श (मॉडल) आदि देखे. डिजिटल पैनोरमा में धरित मानव विकासक्रम की महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाती 3 भाषाओं की एक गतिमान फिल्म में छात्रों ने आदिमानव से आधुनिक मानव तक की कहानी को एक बड़े बेलनाकार परदे पर देख ऐतिहासिक जानकारी हासिल की. अंतरिक्ष थिएटर में छात्रों ने एक बड़े स्क्रीन पर अन्टार्कटिका में जीवन की झलक पेश करती फिल्म का आनंद उठाया. प्रधानाचार्य आर. डी. शर्मा ने इस एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण की सफलता पर छात्रों तथा अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि इस प्रकार के भ्रमण शिक्षण प्रक्रिया के अनिवार्य अंग हैं, क्योंकि इनसे छात्रों को जो सीखने को मिलता है, वह आजीवन स्मृति का अंग रहता है.